Chapter – 3

How to use Tally Vault in Tally

Tally vault

डेटा सुरक्षा कंपनी के मालिक के लिए चिंता का विषय है क्योंकि किसी भी कंपनी का मालिक अपने कंपनी के डाटा को सुरक्षित रखना चाहता है टैली वॉल्ट टैली में पहले से ही बनाई गई सुरक्षा सुविधा है | टैली वॉल्ट लॉक की तरह है जो आपकी कंपनी का नाम कंपनीज के नाम की लिस्ट में नहीं दिखाएगा, जिसके कारण आपकी कंपनी की डिटेल किसी के द्वारा नहीं निकली जा सकती और उस सुविधा की सहायता से सुरक्षा को बनाये रखा जा सकता है। जब आप अपनी कंपनी में इस ऑप्शन का चयन करेंगे, तो कंपनी का नाम स्टार(************) के रूप में दिखेगा | इस प्रकार, कंपनी की किसी भी डिटेल को कोई दूसरा व्यक्ति नहीं देख पायेगा।

How to Enable Tally Vault Feature

कंपनी को क्रिएट करते समय यूजर टैली वॉल्ट पासवर्ड एंटर कर सकते है या पहले से बनी हुई कंपनी में टैली वॉल्ट पासवर्ड देने के लिए निम्नलिखित स्टेस को पूरा करना होता है |

- सबसे पहले उस कंपनी को लोड करे जिसे टैली वॉल्ट का उपयोग करते हुए सुरक्षित करना हो।
- Gateway of Tally→press Alt +F3: company Info→Change TallyVault पर जाये |



- Change Tally Vault screen में list of companies से वांछित कंपनी सेलेक्ट करे जिसे टैली वॉल्ट का उपयोग करते हुए सुरक्षित बनाना है |



- New Password field में password enter करे |
- Repeat new password field में एक बार फिर से आपको पासवर्ड डालना होता है क्योकि टैली उसे वेरीफाई करता है |
- टैली वॉल्ट पासवर्ड से परिवर्तन को accept करे |



- Created New Company मैसेज के बाद टैली नया कंपनी नंबर प्रदर्शित करेगा | इस नंबर को याद रखे अगर आप ये नंबर भूल जाते है तो कंपनी को दोबारा ओपन नहीं कर पायेगे | कंपनी इन्फो मेनू पर वापस लौटने हेतु कोई भी key दबाये |



- कंपनी डेटा को जैसे ही एनक्रिप्टेड किया जायेगा वैसे ही select company स्क्रीन मे से Name of the company और Financial year अदृश्य हो जायेगा |

How to open encrypted company in Tally

- Gateway of Tally→press Alt +F3: Company Info→Select Company



- Select company screen को एनक्रिप्टेड कंपनी के साथ दर्शाए गए चित्र के अनुसार प्रदर्शित किया जायेगा |
- एनक्रिप्टेड कंपनी को सेलेक्ट करे टैली द्वारा यूजर टैली वॉल्ट पासवर्ड देने के लिए प्रॉम्प्ट किया जायेगा |



- आवश्यक पासवर्ड प्रदान करे और कंपनी का डेटा पठनीय प्रारूप (Readable format) में उपयोग हो जायेगा |